लुसान डायमंड लीग श्रृंखला में नीरज चोपड़ा ने जीता पुरुषों की भाला फेंक प्रतयोगिता का खिताब

चर्चा में क्यों?

30 जून, 2023 को हरियाणा के पानीपत ज़िले के जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग श्रृंखला के लुसान चरण-2023 में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता का खिताब जीता है। उन्होंने 87.66 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

प्रमुख बिंदु

- जर्मनी के जूलियन वीबर 87.03 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर तथा तीसरे स्थान पर 86.13 मीटर थ्रो के साथ चेक गणराज्य के याकूब वादलेज्चे रहे।
- विदित है कि भारतीय जेवलिन स्टार नीरज का इस साल में यह दूसरा गोल्ड है। वे दोहा डायमंड लीग में भी गोल्ड मेडलिस्ट रहे थे। वहीं, नीरज का यह 8वाँ इंटरनेशनल गोल्ड है। इससे पहले उन्होंने एशियन गेम्स, साउथ एशियन गेम्स, ओलंपिक गेम्स और डायमंड लीग जैसे टूर्नामेंट में सोना जीता था।
- नीरज चोपड़ा ने पहले राउंड में फाउल के साथ शुरुआत की। वहीं, जर्मनी के जूलियन वेबर ने 86.20 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई। पहले दौर के अंत में, नीरज शीर्ष तीन एथलीटों में भी नहीं थे। इसके बाद दूसरे प्रयास में, नीरज ने 83.52 मीटर का थ्रो किया और वह तीसरे नंबर पर पहुँच गए। तीसरे प्रयास में नीरज ने 85.02 मीटर का स्कोर किया। इस थ्रो के साथ वह दूसरे नंबर पर पहुँच गए।
- चौथे प्रयास में नीरज फाउल हो गए थे, लेकिन पाँचवें प्रयास में नीरज की 'गोल्डन आर्म' ने अपना जादू चलाया और 87.66 मीटर का थ्रो हासिल किया। पहले स्थान पर पहुँच गए। छठे और अंतिम प्रयास में, नीरज ने 84.15 मीटर का थ्रो हासिल किया।
- उल्लेखनीय है कि 25 वर्षीय नीरज ने 5 मई को दोहा डायमंड लीग में 88.67 मीटर भाला फैंककर स्वर्ण जीता था। उसके बाद उनकी माँसपेशियों में खिंचाव आ गया, जिसके चलते उन्हें 4 जून को हुए फैनी ब्लैंकर्स कोएन गेम्स और 13 जून को हुए पावो नूरमी गेम्स से नाम वापस लेना पड़ा।
- हालाँकि इस दौरान उन्होंने किसी डायमंड लीग में खेलने का मौका नहीं खोया। लीग के रबत, रोम, पेरिस और ओस्लो चरण में जेवेलिन थ्रो शामिल नहीं है।
- लुसान के बाद मोनाको (21 जुलाई) और ज्यूरिख (31 अगस्त) में लीग होनी हैं, जहाँ जेवेलिन थ्रो शामिल है। लीग का फाइनल यूजीन (अमेरिका) में 16, 17 सितंबर को होगा।
- नीरज हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भी हिस्सा लेंगे। यह चैंपियनशिप 19 से 27 अगस्त तक होगी। नीरज ने 2022 यूजीन में हुए पिछले सीजन में रजत पदक जीता था।
- भारतीय टीम इस चैंपियनशिप के इतिहास में केवल दो पदक जीत सकी है, उनमें से एक नीरज के नाम है। नीरज से पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने महिलाओं के लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में भारत के लिये पहला मेडल जीतकर इतिहास रचा था। उन्होंने कांस्य पदक जीता था।
- नीरज के अलावा एक अन्य भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने भी डायमंड लीग में हिस्सा लिया। उन्होंने शुरुआती 5 कोशिशों में 7.75, 7.63, 7.88 और 7.59 और 7.66 मीटर की छलांग लगाई। हालांकि, वह कोई पदक नहीं जीत सके। मुरली पाँचवें स्थान पर रहे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/neeraj-chopra-won-men-s-javelin-throw-title-in-lausanne-diamond-league-series